संख्या:-167/2023/आई-397054/001-318आ0-23-5002-002-38-2023-02(भवन)/2023टीसी

प्रेषक,

कामता प्रसाद सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

लोक निर्माण अनुभाग:-5 **लखनऊ: दिनांक 27 सितम्बर, 2023**

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-55 राजस्व लेखा के विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत जनपद लखनऊ, कानपुर देहात व गाजियाबाद के 11 विशेष मरम्मत कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के निम्नांकित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-55 राजस्व लेखा के विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत जनपद लखनऊ, कानपुर देहात व गाजियाबाद के 11 विशेष मरम्मत कार्यों हेतु प्राप्त कुल आगणन लागत रू0 114.45 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष धनराशि **रू0 91.53 लाख(रू0 इक्यानबे लाख तिरपन हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0 का पत्रांक व दिनांक	जनपद	कार्य का नाम	आगणन लागत (रू0 लाख में)	निर्गत की जाने वाली धनराशि (रू0 लाख में)
1	2	3	4	5	6
1	484बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2306)/अना0/2022-23, दिनांक 24.08.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता परिसर स्थित कक्ष संख्या म-215 के रेनोवेशन का कार्य।	03.40	02.72
2	525बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2376)/अना0/2023-24, दिनांक 08.09.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता परिसर स्थित कक्ष संख्या उ-207 के रेनोवेशन का कार्य।	00.90	00.72
3	518बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2323)/अना0/2023-24, दिनांक 08.09.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता परिसर स्थित कक्ष संख्या उ-14/15 के रेनोवेशन का कार्य।	06.32	05.05
4	464बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2020)/अना0/2023-24, दिनांक 08.09.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता परिसर स्थित कक्ष संख्या द-210 के रेनोवेशन का कार्य।	01.60	01.28
5	472बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2020)/अना0/2023-24, दिनांक 08.09.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता स्थित मुख्य अभियन्ता(रा0मा0) के कैम्प कार्यालय, गैलरी एवं कमाण्ड सेन्टर में विभिन्न सिविल कार्य।	07.62	06.09
6	507बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2366)/अना0/2023-24, दिनांक 08.09.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता परिसर स्थित नवीन भवन कक्ष सं0-101, 102, 103, 104, 108 व 112 के रेनोवेशन का कार्य।	08.35	06.68
7	517बीजीबी/112बीजीबी/39वां(2324)/अना0/2023-24, दिनांक 08.09.2023	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता परिसर स्थित नवीन भवन कक्ष सं0-109, 110 व 111 के रेनोवेशन का कार्य।	05.38	04.30
8	463बीजीबी/112बीजीबी/वि0/यॉ0 कानपुर(3028)/अना0/2023-24, दिनांक 08.08.2023	कानपुर देहात	कानपुर देहात, मुख्यालय माती स्थित राजकीय निरीक्षण भवन में वातानुकूलन संयंत्र की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य।	06.96	05.56
9	401बीजीबी/112बीजीबी/मेरठ-3284/अना0/2023-	गाजियाबाद	गाजियाबाद में ट्रांजिट हॉस्टल के भवन सं0-01 से 08 आवासों की विशेष मरम्मत का कार्य।	24.83	19.86

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	24, दिनाक 08.09.2023				
10	तदैव	तदैव	गाजियाबाद में ट्रांजिट हॉस्टल के भवन सं0-09 से 16 आवासों की विशेष मरम्मत का कार्य।	24.49	19.59
11	तदैव	तदैव	गाजियाबाद में ट्रांजिट हॉस्टल के भवन सं0-17 से 24 आवासों की विशेष मरम्मत का कार्य।	24.60	19.68
कुल योग :-				**114.45**	**91.53**

1- प्रश्नगत कार्यों हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेगी।

2- प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

3- लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जायेगा।

4- प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

5- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रन ओवर/टाइम रन ओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

6- स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खाते अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

7- स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

8- प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

9- यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

10- उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

11- प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

12- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17.03.2023 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

13- समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 91,53,000(रूपये इक्यानबे लाख तिरपन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 055 लेखा शीर्षक 2059800530600 सर्किट हाउस निरीक्षण भवन एवं कार्यालय भवनों का अनुरक्षण, -सामान्य एवं विशेष मरम्मत-मानक मद 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

.../03..

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
कामता प्रसाद सिंह
विशेष सचिव।

संख्या:-167/2023/आई-397054/001-318आ0(1)-23-5-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
4- नोडल अधिकारी(बजट), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
5- जिलाधिकारी कानपुर देहात व गाजियाबाद।
6- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
8- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर देहात व गाजियाबाद।
10- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
11- मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ।
12- अधी0 अभि0, 39वां वृत्त, 17वां(वि0/यॉ0) वृत्त व बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0।
13- अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-1(सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ।
14- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर।
15- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गाजियाबाद।
16- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनु0-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।